न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.12.2023	प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण मुकदमा संख्या 27 / 2023 रामेश्वर प्रसाद व अन्य बनाम खैरया खां व अन्य पत्रावली पेश हुई। उपखण्ड अधिकारी बसवा से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट संलग्न पत्रावली की गई। अधिवक्ता प्रार्थी एवं प्रार्थीगण को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थी अथवा प्रार्थीगण में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थीगण विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को नहीं चलाना चाहते है। अतः प्रार्थीगण रामेश्वर प्रसाद पुत्र प्रभुदयाल, रामपति देवी पत्नि रामेश्वर, सोना देवी पत्नि प्रभुदयाल समस्त जाति मीना निवासी दिलावरपुरा तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बसवा में विचाराधीन प्रकरण उनवानी रामेश्वर आदि बनाम खैरया खां आदि वाद संख्या 262 / 2022 व प्रार्थना पत्र टी. आई. संख्या 180 / 2022 को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित करने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बसवा को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 13.12.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (राजकुमार कस्वा) अति. जिला कलक्टर,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official